## सार-समाचार

### शेष रही राशि की हुई गिनती



**मंडफिया, (निसं)।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 22 अगस्त को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती सोमवार को दूसरे चरण में अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम की उपस्थिति में हुई। भंडार के दूसरे चरण से 4 करोड़ 60 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पहले प्रथम चरण में 8 करोड़ 90 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए थे। इन दोनों को मिलाकर भंडार से अबतक 13 करोड़ 50 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए हैं। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, किशन लाल अहीर, रामलाल गुर्जर, हरिराम गाडरी, लेखाधिकारी राजेंद्र सिंह, संपदा व मंदिर प्रभारी भेरूगिरी गोस्वामी, विरिष्ठ सहायक कालूलाल तेली, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, बालभोग प्रभारी भेरूलाल गुर्जर, सहायक सुरक्षा प्रभारी बिहारी लाल गुर्जर, स्टोर प्रभारी मनोहर चौबीसा, दीपक तिवारी, जितेन्द्र त्रिपाठी सहित मंदिर व बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना क्षेत्र के सांसरपुर फला कजेडिया में दो महीने पुराने हत्याकांड को लेकर पीडित परिवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। युवक मणिलाल के पिता हाजा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 12 जून की रात की है। मणिलाल अपनी बाइक के साथ घर के पास स्थित दुकान पर खडा था। इसी दौरान सांसरपुर निवासी संजय पुत्र हिम्मतराम अपने साथियों के साथ वहां आया। आरोप है कि संजय और उसके साथियों ने मणिलाल पर पेट्रोल छिडककर आग लगा दी। एंबुलेंस में ले जाते समय मणिलाल ने संजय और उसके साथियों पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया था। चौरासी थाने में मामला दर्ज किया गयाए लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एसपी स्तर के अधिकारी से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच नहीं कर रही है।

### दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक

**मंडफिया, (निसं)।** दशनाम गोस्वामी समाज की जिलास्तरीय बैठक जीवन गिरी जी महाराज जी की धुणी होड़ा का मंगरा पर आयोजित हुई। गोस्वामी समाज के जिला प्रचार मंत्री श्यामगिरी गोस्वामी भादसोड़ा ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता सावा मंडल के महंत श्यामपुरी गोस्वामी ने की एवं विशिष्ट अतिथि आम मेवाड़ मंडल मातृकुंडिया कमेटी के अध्यक्ष रामपुरी व हिंगलाज माता कमेटी पांडोली के अध्यक्ष रतनपुरी थे। बैठक में समाज सुधार के महत्वपूर्ण विषयों पर सभी मण्डलों से चर्चा करके समाज हित में निर्णय लिए गए और तय किया गया कि समाज के किसी भी व्यक्ति के परिवार में कोई भी सामाजिक कार्यक्रम होने पर कपड़े दादेरा, ननिहाल, ससुराल के ही लिए जाएंगे और अन्य के नहीं लिए जाएंगे, समाज में किसी के शिवशरण ( मृत्यु) होने पर भण्डारे में एक मिठाई ही बनाई जायेगी व अफिम, तम्बाकू वितरण कि रस्म नहीं होगी, किसी भी व्यक्ति के कोई भी कार्यक्रम होने पर डीजे नहीं बजाने और समाज की बहन बेटी बहु सहित औरते बंदोली आदि प्रोठााम में रोड पर नहीं नाचने, कोई भी व्यक्ति समाज के किसी भी कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का नशा करके नहीं आने, कोई भी परिवार प्रिवेडिंग शुट के लिए लड़के व लड़की को नहीं भेजने, शादी में 4 तोला से अधिक जेवर नहीं चढ़ाने जैसे कई महत्वपूर्ण समाज सुधार के निर्णय लिए गए।

### भीम तालाब छलका,खुशी की लहर

**भीम, (निसं)।** भीम तालाब छलकने से चादर चलने लगी है जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।पिछले दो दिनों से हो रही लगातार रिमझिम बारिश से भीम तालाब में पानी की आवक बढ़ने से चादर चलने लगी है।उपखंड मुख्यालय स्थित 17 फीट की भराव क्षमता वाले भीम तालाब के रविवार को लबालब होने के बाद सोमवार की सुबह इस पर चादर चलने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। खेमराज सोनी, अशोक सिंह ,अजयपाल सिंह अंबिका, नवीन आहूजा, सनोज तोमर, मनोज अहूजा ,हीरालाल गौरमात , पूर्व पार्षद किशोर कुमार भाट, विक्रमसिंह, चंद्रशेखर मीणा ,जितेंद्र सोनी, विष्णु कुमार शर्मा ,प्रवीण सिंह विपिन सिंह, माणक दलाल ,हरीश आहूजा ,रेशमा आहूजा ,कौशल त्रिपाठी, मोहनसिंह, दीक्षा चौहान ,भगवानदास भाटिया, आदि कस्बेवासियों एवं आसपास के ठाामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि लंबे इंतजार के बाद क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश होने से 17 फीट की भराव क्षमता का भीम का मुख्य तालाब लबालब हो गया और सोमवार को छलकने के साथ ही आमजन में भी हर्ष व्याप्त है। पेयजल, कृषि, पशु तथा अन्य प्रयोजन के लिए लोग बारिश पर आश्रित रहते हैं। इस बीच कस्बे में निरंतर रिमझिम फुहारों के साथ झमाझम बारिश का दौर रुक-रुक कर जारी रहा।

### नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया

**भीम, (निसं)।**पंचायत समिति कार्यालय परिसर में सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रधान बिरमसिंह चौहान एवं विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया ने आमजन को जागरूकता संदेश देते हुए नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी नाथूलाल सालवी एसबीएम ब्लॉक समन्वय किशन लाल भाटी कुशाल सिंह लोकेश प्रजापत विजय सिंह अंबालाल प्रहलाद चनिया पूनम सिंह आदि सहित आमजन को संबोधित करते हुए विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया ने कहा कि आज का युवा राष्ट्र की शक्ति है ,युवाओं का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

### कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान पुलिस के मुखिया डीजीपी राजीव कुमार शर्मा सोमवार को डूंगरपुर पहुंचे। पुलिस लाइन में बैंड और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत हुआ। इसके बाद उदयपुर रेंज के आईजी, एसपी, एएसपी और डीएसपी के साथ अपराधों और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा हुई। उदयपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव भी उनके साथ में थे। पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार के डूंगरपुर पुलिस लाइन पहुंचने पर एसपी मनीष कुमारए एएसपी अशोक कुमार ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद पुलिस बैंड के साथ ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्वागत के बाद डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में पहुंचे। जहां उदयपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव के साथ 7 जिलों के एसपीए एएसपी, डीएसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक शुरू की। आज दिन भर चलने वाली बैठक में डीजीपी राजीव कुमार उदयपुर रेंज के जिले डूंगरपुर, उदयपुर, चित्तौड, राजसमंद, बांसवाडा, प्रतापगढ और सलूंबर जिले की कानून व्यवस्थाए अपराधों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। डीजीपी राजीव कुमार रात्रि विश्राम डूंगरपुर में करेंगे।

### फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सूरजपोल थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में पांच वर्ष से फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने धोखाधड़ी के मामले में वर्ष 2021 से फरार 10 हजार रूपये के अनामी स्थाठ वारंटी बदमाश नरेश पुत्र नामदेव उर्फ रामदेव निवासी घोटी रंगारी थाना लोधी खेड़ा छिदवाड़ा पंढुणी एमपी को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया। पीडित देवेन्द्र सिंह निवासी जयपुर ने राजेन्द्र महितो निवासी बोकारों स्टील सिटी झारखण्ड व निकेश पाचपुते निवासी छिंदवाड़ा एमपी ने अपने सााथियों के साथ मिल कर प्राथी व उसके मिलने वालों से वन विभाग एवं एससीआई में नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी करने के संबंध में प्रकरण दर्ज करवाया था।

# बादल महल और बरसाती नालों का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर, (निसं)।** सभापति ने शहर के सभी रैन बसेरा की सुविधाओं का जायजा लिया। सभापति अमृत कलासुआ, पार्षद अशोक चौबीसा, डायालाल पाटीदार, जितेन्द्र भोई ने आज शहर के जिला अस्पताल के सामने स्थित रैन बसेरा परिसर में पहुंचे। जहां पर कार्यरत कर्मचारी से बिस्तर,बिजली व्यवस्था और पेयजल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मानसून के सीजन में कोई भी शहरवासी पहुंचे तो उसे निःशुल्क ठहराया जाए। उन्होंने रैन बसेरा हॉल, सुविधाघर का निरीक्षण कर साफ -सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद राजपुर घाटी स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। जहां पर मौजूद

■ **जर्जर मकानों का निरीक्षण कर उन्हें सुरक्षित रैन बसेरा में जाने की अपील**

सुपरवाइजर से साफ -सफाई बिस्तर सेट और बिजली संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की।

उन्होंने कहा की मानसून के सीजन में कोई भी व्यक्ति बारिश में भीगने से अच्छा है रैन बसेरा में निशुल्क आश्रय ले सकता है। उन्होंने शाम को मच्छरों से बचाव के लिए अगरबत्ती जलाने के भी निर्देश दिए। इसके बाद राजपुर कच्ची बस्ती का निरीक्षण किया। जहां पर पार्षद नरेश यादव के साथ गरीब क्षेत्र के लोगों के घर सभापति अमृत कलासुआ पहुंचे। उन्होंने देवा रूपसी डामोर से निवेदन किया कि नगर परिषद की और से जर्जर मकानों में रहने वाले लोगों के लिए रैन बसेरा की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आप रोज अपने परिवार के साथ रात के समय रैन बसेरा में निःशुल्क आश्रय ले सकते है। उन्होंने कहा कि आपके भोजन के लिए भी नगर परिषद की ओर से संचालित अन्नपूर्णा रसोई गृह में आठ रुपए में भरपेट भोजन भी उपलब्ध हैं। सभापति ने लोगों से निवेदन किया कि जर्जर और खस्ताहाल केलूपोश मकानों में रहने से अच्छा रैन बसेरा में आश्रय ले सकते है।

उन्होंने अब डिनोटिफिकेशन की जानकारी देते हुए मकान का पट्टा लेने की अपील की। जिससे उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्का मकान बनाने का लाभ मिल सकता है। इसके बाद शहर के विभिन्न कॉलोनी, मोहल्ले और गलियों का निरीक्षण किया।

सभापति अमृत कलासुआ ने सुबह बारिश का दौर थमने के साथ ही शहरी क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बांसडवाडा क्षेत्र से निकलने वाले बरसाती नाले, पुराने शहर के भोईवाडा नाले, महारावल स्कूल के पीछे से गुजर रहे नाले, परशुराम चौक से गुजरने वाले नाले, ब्रह्म स्थल कॉलोनी से गुजरने वाले सभी नालों की पुनरू निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रमुख नालों की मई माह में सफाई हुई थी। इसी के कारण शहर में अभी तक कहीं भी जलभराव की शिकायत नहीं आई है। उन्होंने टीम को पुनः इन नालों का निरीक्षण कर बरसाती मलबा साफ करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की सडकों पर पेडों की टहनी, खरपतवार, पुराने फ्लेक्स, टीन शेड के टूकडे और साइन बोर्ड जो झुल रहे है। उन्हें हटाने के निर्देश दिए है। साथ ही नगर परिषद के विद्युत शाखा की टीम को खुले वायर की टेपरोल कर सुरक्षित करते। बंद पडी रोड लाइन को पुनः दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



पिछड़ी बस्तियों व नालों का निरीक्षण करते सभापति व अन्य।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**उदयपुर, (कासं)।।** खेत पर काम करते समय सांप के काटने से किसान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय नाई थाना क्षैत्र बछार नाल फला गांव निवासी काउवा पुत्र हमेरा गमेती खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान सांप के काटने से चिल्लाने पर दौड़ कर आई पत्नी लसूड़ी व पुत्रवधू दुर्गा उसे घर ले गए। जहां से तबीयत खराब होने पर एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। इसी तरह गत दिनों नाई थाना क्षैत्र चौकडिया गांव रोड़ पर बाइक फिसलने से घायल नीमच माता देवाली निवासी हेमेन्द्र (24) गमेती पुत्र सुरशे गमेती की एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## निलंबन के बाद आरोप पत्र मिला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर बीकानेर राजस्थान शिक्षा विभाग के शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने उदयपुर में कार्यरत शिक्षा विभाग प्रधानाचार्य पद पर रहते हुए अयोग्यताएं एवं अनियमित के चलते रंजना मिश्रा को राज्य सेवा से निलंबित कर दिया है निलंबन के साथ ही आठ पेज का आरोप पत्र मिला है। जिसमें कई अयोग्यताएं एवं अनियमिताएं की गई है।

प्रधानाचार्य पद पर 2015-16 से पदोन्नति के बाद से ही यह विवादों में रही है एवं अधीनस्थ कार्मिकों के साथ तथा समकक्ष अधिकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार करती थी तथा महिला होने के नाते पुरुष अधिकारियों एवं समकक्ष तथा अधीनस्थ अधिकारियों के विरुद्ध अनर्गल आरोप प्रत्यारोप लगती रही है एवं झूठी फिर प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं पुलिस एवं महिला आयोग में में झूठे प्रकरण भी प्रकरण भी दर्ज करवा देती हैं जिससे कई बार विभाग की छवि को धूमिल किया है रेजीडेंसी में इसकी लगातार 15 वर्ष से भी अधिक की सेवाएं हो चुकी है तथा अपने अधीनस्थ व्याख्याता जो की राजपत्रित अधिकारी होते हैं उनके उपस्थिति रजिस्टर में अनावश्यक अनुपस्थिति दर्ज करना, वेतन काटना एवं यहां तक की बिना किसी आधार के इनकी एसीआर खराब कर पदोन्नति से वंचित रखने जैसी कई गंभीर अनियमितताओं को जन्म दिया है।

शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रति उदासीन रही है एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करती रही है तथा वित्तीय अनियमितता में संलिप्त रही है यह उच्च अधिकारियों एवं समकक्ष अधिकारियों को भी कोई भी तवज्जो नहीं देती थी वहीं उच्च अधिकारियों को सदा से ही ब्लैकमेल करती रहती थी पूर्व विद्यालय में भी इसका कार्यकाल विवादों भर रहा है एवं यहां तक की मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इसको राज्य सेवा से बर्खास्त किए जाने का आदेश भी पारित किया गया था। तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 2017-18 में भी कई अनियमितताओं का नोटिस जारी किया जबकि कि राजस्थान सरकार द्वारा -राजस्थान शिक्षा सेवा के अधिकारियों के लिए आचार संहिता एवं मानदंड के अनुसार उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वविवेक से अधिकतम राजकीय हित छात्र हित एवं सामाजिक हित तथा अधीनस्थ कर्मचारियों एवं शिक्षकों के हित में स्वविवेक से अधिकतम हित का ध्यान रखते हुए दायित्वों का निर्वहन करें जबकि प्रधानाचार्य रंजना मिश्रा द्वारा मानदंडों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर दिया ज्ञापन

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बडगांव की मतदाता सूची में गडबडी को लेकर सोमवार को देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि उदयपुर देहात जिला कांग्रेस के अंतर्गत आने वाली गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र.149 की ग्राम पंचायत बडगांव में जिला निर्वाचन द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2025 करने के पश्चात 7 जनवरी को जारी मतदाता सूची में विधानसभा क्षेत्र गोगुंदा. 149 के भाग संख्या 267 में मतदाता ऋम संख्या 764 से 1313 तक के मतदाताओं की मकान संख्या 111 आ रही है। जो कि प्रथम दृष्टया देखने पर ही गडबडी की आशंका में आती है। इस बूथ संख्या 267 में 132० कुल मतदाता है। जिला निर्वाचन द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2025 के बाद जारी मतदाता सूची के अनुसार मतदाता क्रम संख्या 764 से 1313 तक के लगभग 550 मतदाता एक ही आवास में निवास करते है जो कि संभव ही नहीं है। जबकि विगत विधानसभा चुनाव.2०23 में भी इस बूथ पर मात्र 37 प्रतिशत एवं लोकसभा चुनाव. 2024 में मात्र 33 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसी तरह गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 265 से 272 तक के बूथ पर इसी तरह की गडबडियों देखने को मिल रही है। इन्हीं गडबडियों को लेकर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव लाल सिंह झाला, पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल गरासिया के नेतृत्व में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन के बाद उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने मीडिया को अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि स्वस्थ एवं निष्पक्ष लोकतंत्र को मजबूत बनाने में साफ.सुथरी मतदाता सूची का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है।

### बस ने बच्चे को कुचला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के समीप भुवाणा चौराहे पर निजी बस ने राह चलते बच्चे को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर में तरपाल सायरा निवासी देवेन्द्रसिंह पुत्र कालुसिंह अपने भाई धमेन्द्र के साथ भुवाणा चौराहा पर स्थित राम रसोड़ पर दर्शन करने आया था। जहां राह चलते समय भुवाणा से अम्बेरी जा रही निजी बस ने उसे कूचल दिया। इसको देख गंभीर घायल बच्चे को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल भारतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सोंप दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## युवा नवाचार व नैतिक मूल्यों के संगम से रखें सशक्त राष्ट्र की नींव : सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्र की उन्नति उस राष्ट्र की युवाओं से सीधी जुड़ी हुई है। देश का युवा जितना सशक्त होगा, वह देश उतना ही सशक्त ही होगा। ये तभी संभव है जब शिक्षा नवाचारों व तकनीकों के साथ मूल्यों से युक्त हो, मन-मस्तिष्क के संतुलित विचारों को निर्मित करने वाली हो।

उक्त विचार सोमवार को राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के

■ **विद्यापीठ में दस दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज**

संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित बीए बीएड, बीएड बाल विकास के नव आगन्तुक छात्राध्यापकों के लिए आयोजित दस दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के अवसर पर कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने, उद्देशों और चुनौतियों को पूरा करने के लिए शोध आधारित तथ्यों को बताते हुए सफलता प्राप्ति सुनिश्चित करने के प्रयासों पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने छात्रों को जीवन की सफलता के लिए मानसिक ,शारीरिक और आध्यात्मिक स्वस्थता के लिए कार्य करने के बात कही। उन्होंने अभिभावकों से भी विद्यार्थियों के विकास में व्यवहारिक तथ्यों को शामिल करने का आव्हान किया।

मुख्य अतिथि कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति बी एल गुर्जर ने कहा कि विपरीक परिस्थिति में संस्थान की स्थापना आजादी के 10 वर्ष पूर्व 1937 में हुई। उस समय पढना - पढाना अपराध माना जाता था। उस संस्थापक जनुभाई ने वंचित वर्ग को शिक्षा के माध्यम से देश की मुख्य धारा से जोडने के उद्देश्य रात्रिकालीन पाठशाला शुरू की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण का जिम्मा शिक्षकों पर है। शिक्षकों के कार्यो का प्रभाव दूर तक जाता हैं अतः ऐसे शिक्षक जो लोक द्वारा मान्य एवं स्वीकार्य शिक्षक तैयार करने का कार्य संस्था की और से किया जा रहा है। संस्थान शिक्षा के सामाजिक और सामुदायिक दायित्वों को पूर्णतः करने हेतु समर्पित है। प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. बी. एल. श्रीमाली, डॉ. अनीता कोठारी, डॉ. सरिता मेनारिया, डॉ. अमित देव, डॉ. पुनीत पंड्या, डॉ. पल्लव पांडे, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. हरीश चौबीसा, डॉ. तिलकेश आमेटा, डॉ. मिनेश भट्ट, डॉ. सुभाष पुरोहित सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन डॉ. हिम्मत सिंह चुंडावत, आभार डॉ. रचना राठौड ने जताया।




इंडक्शन प्रोग्राम को संबोधित करते प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत।

## सार-समाचार

### एमबीए बैच को दी विदाई



**उदयपुर, (कासं)।** एमएलएसयू के प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस) ने 23 अगस्त को अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव यूफोरिया 2025 के साथ निवर्तमान एमबीए बैच को भावभीनी विदाई दी। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक जीवंतता के साथ भावनात्मक क्षणों का सम्मिश्रण था, जिसने छात्रों और संकाय सदस्यों, दोनों के लिए यादगार यादें बनाईं।कार्यक्रम में एमएलएसयू की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा ने निवर्तमान छात्रों को प्रोत्साहन और मार्गदर्शन प्रदान किया। एफएमएस की निदेशक एवं अध्यक्ष प्रो. मीरा माथुर, पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. हनुमान प्रसाद और विशिष्ट अतिथि डॉ. गरिमा मिश्रा, डॉ. नीतू प्रसाद और डॉ. अल्पना सिंह ने भी अपने बहुमूल्य विचारों और आशीर्वाद से छात्रों को प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। गायन में ऋचा द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वैदेही ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में सुहानी चौधरी ने प्रथम पुरस्कार जीता और दिव्यांशी चित्तौडा दूसरे स्थान पर रहीं। समूह नृत्य वर्ग में रोहन, निखिल, ईशान, चिराग और सुजल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हीना श्रीमाली और यश मंडावत की जोडी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एफएमएस की यादें विषय पर रील-मेकिंग में भावना तंवर ने प्रथम पुरस्कार और प्रियांश शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शाम के खिताब, मिस यूफोरिया और मिस्टर यूफोरिया, क्रमशः ओजस्विनी सिंह चौहान और अभिषेक गंगावत को दिए गए।

### डॉ. ऋषि कुमार शर्मा ने दिया व्याख्यान

**उदयपुर, (कासं)।** गीताांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सीनियर प्रोफेसर, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. ऋषि कुमार शर्मा ने कोलकाता में आयोजित कांफ्रेस में डॉ. शर्मा ने गंभीर अस्थमा में दवाओं की भूमिका तथा प्ल्यूरल इंफेक्शन और एम्पायमा के आधुनिक उपचार पर व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान से यह संदेश गया कि नई दवाइयाँ और आधुनिक इलाज की तकनीकें गंभीर अस्थमा के रोगियों को अधिक राहत दे सकती हैं तथा छाती के संक्रमणों में समय पर उपचार से मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया, जहाँ डॉ. शर्मा ने उदयपुर का नाम गौरवान्वित किया।

### हमला करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड़ थाना पुलिस ने युवक का अपहरण कर प्राणघातक हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 5 अप्रेल 25 को गजेन्द्र पुत्र रूपलाल निवासी गणकोतलिया बम्बोरा कुराबड़ ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मेरे दोस्त की कार लेकर उमरड़ा से भटेवर होता हुआ अडीन्दा, चोटिया माताजी मंदिर रोड़ पर पहुंचा। जहां दो कारों में सवार 10-12 जनों ने मेरी कार को रोक अपहरण कर काकरोली ले गए जहां जानलेवा मारपीट कर उथरदा दुध डेयरी के सामने रोड़ पर छोड़ कर फरार हो गए। आरोपियों मेसे दो शंकर पुत्र अमरा पटेल निवासी कराकली तथा सुरेश पुत्र प्रेमचंद पटेल निवासी नीमच सराड़ा सलूम्बर को पहचाने की जानकारी दी। शराब से भरी शंकरलाल की गाडी आबकारी विभाग ने पकड़ी थी। मुझ पर जिसकी मुखबीरी करने की शंका के चलते अपहरण व हमला करने की जानकारी दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी प्रभूलाल मय टीम ने मामले के मुख्य आरोपी शंकरलाल पुत्र अमराजी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लठ, बरामद किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में चार अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इससे पूर्व सुरेश पुत्र प्रेमचंद निवासी नीमच को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कार बरामद की जा चुकी है।

### कॉम्प्लेक्स से गिरने पर श्रमिक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में स्थित निर्माणाधीन काम्पलेक्स से निचे गिरने पर श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे सुखेर थाना क्षैत्र नवरतन काम्प्लैक्स स्थित संस्कार पल निर्माणाधीन काम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल से नीचे गिरने पर गोड़च खमनोर राजसमन्द निवासी श्यामलाल (25) पुत्र तुलसीराम गमेती की मौत हो गई। श्यामलाल ठेकेदार भेरूलाल के पास काम करता था। जहां सवेरे काम करने के दौरान संतुलन बिडगने पर वह नीचे गिर पड़ा था। सूचना मिलने पर एएसआई राजेन्द्र सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**उदयपुर,** । विकसित भारत की परिकल्पना में जनजातीय वर्ग कीसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ किए गए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आदि कर्मयोगी राज्य स्तरीय कार्यशाला सोमवार से होटल ताज अरावली में प्रारंभ हुई। कार्यशाला का शुभारंभ जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल के आतिथ्य में हुआ। टीएडी आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी, अतिरिक्त आयुक्त ओपी जैन तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अनुराग भटनागर भी बतौर अतिथि मंचासीन रहे।

### संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक ली

**राजसमंद, (निसं)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सोमवार को संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने वीसी में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीसी कक्ष एवं लाइव लिंक से जुडे तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी कनेक्ट हुए। इस दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि विभागवार डिस्पोजल टाइम को पाक्षिक रूप से तुलना करें और जिन अधिकारियों का निस्तारण समय कम हो रहा है, वे आगे से कार्यशैली त्वरित करें। कलक्टर ने लेवल प्रथम, द्वितीय और तृतीय पर पेंडिंग शिकायतों की समीक्षा के दौरान उच्च स्तर पर लंबित शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से इंटीमेट करने के निर्देश दिए।

### शोभायात्रा निकाली

**कपासन, (निसं)।** लोक देवता बाबा रामदेव जी के जन्मदिवस पर नगर में विभिन्न समाजों की ओर से शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रैगर समाज ने बीती रात भजन संध्या का आयोजन किया। वहीं, आज सुबह धार्मिक अनुष्ठानों के साथ बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की गई। दोपहर में रैगर मोहल्ले से पहली शोभायात्रा निकली, जो धमना मार्ग, उदयपुर रोड चुंगी नाका, पांच बत्ती चौराहा और बस स्टैंड से होते हुए नगर के मुख्य बाजार मार्गों से गुजरी। स्टेशन मार्ग स्थित राधा कृष्ण मंदिर और धमना मार्ग पर स्थित राम रसोडे में कार्यक्रम का समापन भजन संध्या व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। इसके बाद पुरबिया मोहल्ले से दूसरी शोभायात्रा निकली, जो पुराना बस स्टैंड और पांच बत्ती चौराहे से होकर मुख्य मार्गों से गुजरी।

**आम सूचना**

मैसर्स आसान इन्वेस्टमेंट्स कार्यालय 703 अरवाना, हाथीपोल मेन रोड, हाथीपोल, उदयपुर भागीदारी फर्म पंजीयन संख्या RF/UDP/2025/2628 हैं। वर्तमान में फर्म के साझेदार निम्न है

1. श्री तारा चन्द पुर्बिया पुत्र श्री रमेश चन्द पुर्बिया निवासी थूर, उदयपुर, 313011 (राज.)
2. श्री कमलेश जैन पुत्र श्री शांतीलाल जैन निवासी 185 पुंजी निवास, मेन रोड, सविना, सविना (ग्रामीण), उदयपुर, 313002 (राज.)
3. मेसर्स दीपक कुमार परीहार एच.यु.एफ. जरीये कर्ता श्री दीपक कुमार परीहार निवासी 503-504, मिराज ऐरावत, भूखण्ड संख्या 18, नवरत्न काम्प्लेक्स, भूवाणा, उदयपुर, 313004 (राज.)

उक्त साझेदारी फर्म में दिनांक 05/08/2025 को मैसर्स नेक्सटेप ऐडवाईजर्स एल.एल.पी. जरीये भागीदार श्री भूपेन्द्र सिंह चौहान कार्यालय 503, केशव विला, भूवाणा जी.एस.एस., भूवाणा, उदयपुर (राज.) 313001 को नये साझेदार के रूप में सम्मिलित किया है तथा दिनांक 05/08/2025 को मेसर्स दीपक कुमार परीहार एच.यु.एफ. जरीये कर्ता श्री दीपक कुमार परीहार निवासी 503-504, मिराज ऐरावत, भूखण्ड संख्या 18, नवरत्न काम्प्लेक्स, भूवाणा, उदयपुर, 313004 (राज.) उक्त साझेदारी फर्म से सेवानिवृत हो गए है। आम सूचनार्थ प्रस्तुत है। अतः इस सम्बन्ध में किसी भी आमजन को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन के सात दिवस में रजिस्ट्रार आफ फर्म्स जिला उद्योग केन्द्र जयपुर/उदयपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है, उसके बाद दर्ज कराई गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

- साझेदार
मैसर्स आसान इन्वेस्टमेंट्स उदयपुर
मो. 8005503943